तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 21 फरवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 जंगल को आग से बचाने वन विभाग गांव गांव में करा रहा है वॉल पेंट




## खबर संक्षेप

### राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा कल

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 का आयोजन 22 फरवरी को जिले के कुल 11 परीक्षा केन्द्रों में दो पालियों में किया जाएगा। परीक्षा का समय पूर्वान्ह 10 से 12 बजे तक तथा अपरान्ह 3 से 5 बजे तक निर्धारित है। जिले में कुल 3904 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। विभिन्न केन्द्रों में परीक्षार्थियों की व्यवस्था इस प्रकार है- केन्द्र क्रमांक 1201 शा. म. वि. ई. वी. पी. जी. कॉलेज कोरबा में 404, केन्द्र क्रमांक 1202 शा. हा. से. स्कूल पीडब्ल्यूडी रामपुर में 300, केन्द्र क्रमांक 1103 शा. मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज कोरबा में 400 तथा केन्द्र क्रमांक 1204 शा. हा. से. स्कूल एनसीडीसी कोरबा में 350 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सफल संचालन हेतु आयोग के निर्देशानुसार जिले में चार जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। सभी आब्जर्वर, केन्द्राध्यक्ष एवं उड़नदस्ता दल को 20 फरवरी को दोपहर 1 बजे शासकीय महाविद्यालय ई.वी.पी.जी. कॉलेज रजगामार रोड, कोरबा में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### परीक्षा अवधि में विद्यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा सत्र 2026 का आयोजन 20 फरवरी से प्रारंभ हो गया है जोकि 18 मार्च चलेगा। परीक्षा अवधि के दौरान विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी मार्गदर्शन तथा अध्ययन से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु जिला स्तर पर सेजेस एन.सी.डी.सी.कोरबा में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कंट्रोल रूम में विषय विशेषज्ञ व्याख्याता परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। विद्यार्थी परीक्षा से संबंधित किसी भी शंका, विषयगत मार्गदर्शन अथवा अध्ययन संबंधी समस्या के समाधान हेतु कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकेंगे। कंट्रोल रूम में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक नामित व्याख्याताओं की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है।

### राजनैतिक दलों की बैठक आज

**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में छत्तीसगढ़ प्रदेश अंतर्गत फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन आयोग द्वारा निर्धारित तिथि 21 फरवरी को किया जाना है। इस हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में 21 फरवरी को प्रातः 11.30 बजे राजनीतिक दलों की बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सभी राजनीतिक दलों को उपस्थित होने कहा गया है।

### 12वीं भूगोल व भौतिक शास्त्र विषय का परीक्षा हुआ सम्पन्न

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित परीक्षा वर्ष 2026 के अंतर्गत 12वीं बोर्ड की परीक्षा शुक्रवार से प्रारंभ हो गया है। जिले में परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों पर नियंत्रण लगाने हेतु शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन कर परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। 20 फरवरी को 12वीं हायर सेकेंडरी स्कूल के भूगोल/भौतिक शास्त्र विषय का परीक्षा संपन्न हुआ। उक्त विषयों की परीक्षा हेतु दोनो विषयों के कुल 6291 दर्ज बच्चों में से 6229 विद्यार्थी उपस्थित एवं 62 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। भौतिक विषय अंतर्गत कुल दर्ज 3696 छात्रों में से 3675 छात्र परीक्षा में शामिल हुए एवं 21 अनुपस्थित रहे , भूगोल विषय के दर्ज 2595 छात्रों में से 2554 छात्र परीक्षा में उपस्थित एवं 41 अनुपस्थित रहे। उक्त परीक्षा हेतु गठित जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

# रेक की कमी से कोयला सप्लाई में आ रही बाधा, डिस्पैच में कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन ने नई दिल्ली में रेल भवन में रेलवे बोर्ड के मेंबर ऑपरेशंस और बिज़नेस डेवलपमेंट हरि शंकर वर्मा से मुलाकात कर रेलवे रेक की कमी की जानकारी देते हुए रेक की उपलब्धता बढ़ाने की मांग की है। दरअसल कुछ महीनों से रेक की कमी की वजह से कोयले की सप्लाई बाधित हो रही थी जिसके वजह से खदानों के कोयला डिस्पैच में कमी देखने को मिल रही थी।

रेलवे बोर्ड मेंबरों से चर्चा के दौरान एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन ने एसईसीएल के मौजूदा डिस्पैच परफॉर्मेंस पर रोशनी डाली और मेंबर ऑपरेशंस और बिज़नेस डेवलपमेंट को रेलवे रेक की कमी से होने वाली चुनौतियों के बारे में बताया। खासकर फाइनेंशियल ईयर के आखिरी क्वार्टर में हो रही परेशानियों के बारे में अवगत कराया। एसईसीएल के सीएमडी श्री दुहन ने बताया कि रेलवे रेक की कमी के वजह से कोयला सप्लाई में बाधा उत्पन्न हो रही है। बैठक में चर्चा के दौरान श्री दुहन ने कोयले की सबसे अच्छी निकासी सुनिश्चित करने, पावर यूटिलिटीज़ को सप्लाई कमिटमेंट बनाए रखने और वित्तीय वर्ष के आखिरी क्वार्टर में डिस्पैच के आंकड़ों को बेहतर बनाने में मदद के लिए रेक की उपलब्धता बढ़ाने की ज़रूरत पर फोकस किया। रेलवे के मेंबर ऑपरेशंस और बिज़नेस डेवलपमेंट ने सीएमडी श्री दुहन को आश्वासन दिया है कि एसईसीएल के मांग अनुरुप रेलवे द्वारा रेक की उपलब्धता पूरी की जाएगी जिससे आने वाले दिनों में रेक की कमी से कोयला सप्लाई में बाधा उत्पन्न न हो और एसईसीएल का कोयला डिस्पैच निर्बाध रुप से जारी रहे।

## एसईसीएल के सीएमडी ने की रेलवे बोर्ड मेंबर से चर्चा

**खास बातें**

- रेलवे के बिजनेस डेवलपमेंट के क्षेत्र में कोयले की कमी बनी चुनौती
- सीएमडी को मिला रैक उपलब्ध कराने का आश्वासन



**मांग के अनुरूप आपूर्ति नहीं**

रैक की कमी की वजह से कोयला खदानों से निकलने वाला कोयला संयंत्रों से संयंत्रों से मिलने वाली मांग के अनुरुप नहीं पहुंच रहा है। कोयले की आपूर्ति को सामान्य बनाए रखने के लिए जितने रैक की आवश्यकता प्रतिदिन मिलनी चाहिए उतने रैक रेलवे को उसकी मांग के अनुरुप नहीं मिल पा रहे हैं।

## दो परिवहन एजेंसी के खिलाफ कलेक्टर को की गई शिकायत

# चावल उत्सव में कटघोरा ब्लॉक की पीडीएस दुकानों में चावल की रही दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अंततः चावल उत्सव के दिन कटघोरा ब्लॉक की पीडीएस दुकानों में चावल का संकट गहरा गया। अधिकांश दुकानों में चावल की दरकार बनी रही। जिन परिवहन एजेंसी को चावल भंडारण की जिम्मेदारी दी गई थी। उनके द्वारा समय पर पीडीएस दुकानों में चावल के भंडारण में लापरवाही बरते जाने के कारण हितग्राहियों को विषम स्थिति का सामना करना पड़ा। इन दोनों परिवहन एजेंसी की शिकायत नागरिक आपूर्ति निगम के द्वारा कार्यवाही के लिए कलेक्टर से की गई है।

बीते एक सप्ताह से नागरिक आपूर्ति निगम के गोदाम चावल के संकट से जूझ रहे हैं और जब चावल मिला तो उसका भंडारण जिन परिवहन एजेंसी को समय पर करना था उनके द्वारा भंडारण के कार्य में जमकर लापरवाही बरती गई। जबकि गोदाम में चावल आने के साथ ही परिवहन एजेंसी को नागरिक आपूर्ति निगम के द्वारा चावल भंडारण के लिए पर्याप्त संख्या में गाड़ी लगाने कहा गया था जिसे परिवहन एजेंसी के द्वारा गंभीरता से नहीं लिए जाने के कारण 20 फरवरी को कटघोरा विकासखंड के अधिकांश दुकानों में चावल की दरकार बनी रही। समय पर चावल नहीं पहुंचने के कारण पीडीएस दुकानें खुली ही नहीं और जो खुली थी वहां चावल का भंडारण नहीं था। नागरिक आपूर्ति निगम ने दूरस्थ क्षेत्र के पीडीएस दुकानों में चावल भंडारण में तत्परता दिखाई तब जाकर उन क्षेत्रों में चावल उत्सव मनाया जा सका। यही स्थिति कोरबा विकासखंड के ग्राम अरसेना, डोकरमना, कोड़ियाघाट, धनगांव में भी नजर आयी। ग्रामीण अंचलों के अलावा शहरी क्षेत्र के भी कुछ दुकानों में 20 फरवरी तक फरवरी महीने का चावल मांग के अनुरुप नहीं पहुंचा था। इनमें लालघाट, चेकपोस्ट, पथर्रीपारा, इंडस्ट्रीयल एरिया की पीडीएस दुकानों में चावल नहीं पहुंचा था।


बंद पड़ा पीडीएस दुकान।

**चावल उत्सव मनाने के लिए दिन भर डटे रहे अधिकारी**

पीडीएस दुकानों में 20 फरवरी को चावल उत्सव मनाने के निर्देश के बाद प्रशासनिक अधिकारी दिन भर फील्ड में डटे नजर आए। कलेक्टर कुणाल दुदावत की फटकार के बाद तीनों विभाग नागरिक आपूर्ति निगम, विपणन विभाग, खाद्य विभाग के अधिकारी शुक्रवार को पीडीएस दुकानों का चक्कर काटते नजर आए। जिनके द्वारा पाली व पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र में पीडीएस दुकानों का निरीक्षण किया गया।

**इन दुकानों में हुआ वितरण**



पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम कोनकोना, घरीपखना, सलिहाभांठा, धवलपुर, बांझीबन आदि ग्राम पंचायतों के पीडीएस दुकानों में चावल उत्सव के दिन भंडारण कराकर चावल वितरण कराने कार्य किया गया तब कहीं जाकर दूरदराज के ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को चावल का वितरण हो सका। विभागों के द्वारा चावल उत्सव मनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई थी।

**इनके खिलाफ हुई शिकायत**

चावल भंडारण कार्य में लापरवाही बरतने वाले मेसर्स अनन्या रोड लाइन्स एवं मेसर्स हर्षित तिवारी को निर्धारित समयावधि में अधिक से अधिक वाहन लगाकर भंडारण करने हेतु नान के द्वारा पत्र प्रेषित किया गया था किंतु उनके द्वारा मांग के अनुरुप गाड़ियां नहीं लगाए जाने से चावल का भंडारण कार्य प्रभावित हुआ है। इसे लेकर नान के जिला प्रबंधक के द्वारा आवश्यक कार्यवाही के लिए पत्र प्रेषित किया गया है। हर्षित तिवारी परिवहन द्वारा पाली में एवं अनन्या रोडलाइन्स द्वारा कोरबा व कटघोरा में भंडारण हेतु पर्याप्त संख्या में गाड़ियां नहीं लगाई गई थी।

**कटघोरा ब्लॉक में भंडारण की दिक्कत**

चावल उत्सव के लिए समय पर चावल का भंडारण करने हेतु कार्य किया गया है। कटघोरा ब्लॉक के कुछ दुकानों में भंडारण नहीं होने की समस्या आयी है। दो परिवहन एजेंसी के खिलाफ कार्यवाही के लिए कलेक्टर को पत्र लिखा गया है।

- **प्रमोद जांगड़े,** जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम

# फायरिंग करने वाला प्रेमी को पुलिस ने भेजा सलाखों के पीछे


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।


जप्त पिस्टल व कारतूस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 22 वर्षीय युवक एक युवती से एकतरफा प्रेम किया करता था और सिरफिरे युवक ने युवती के घर पहुंचकर पिस्टल से फायरिंग कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पिस्टल को बरामद कर लिया है और आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे सलाखों के पीछे भेज दिया है।

उल्लेखनीय है कि बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदिरा नगर निवासी साहिल मसीह उम्र 22 वर्ष ग्राम दोंदरो निवासी एक युवती से एकतरफा प्रेम किया करता था और अक्सर उसका पीछा किया करता था। लगातार युवती साहिल की हरकतों से परेशान रहती थी। युवती के पिता को जब यह बात पता चली कि साहिल मसीह को जमकर फटकार लगाई थी। जिसके बाद उसने बुधवार की रात लगभग 11:30 बजे अपने घर से पिस्टल लेकर अपनी प्रेमिका के घर ग्राम दोंदरो जा पहुंचा और युवती के पिता पर फायरिंग कर दी थी। इस घटना के बाद प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी साहिल के खिलाफ धारा 296, 75(1), 78(1), 109 (1) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवचना में लिया गया। तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश पर टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी कर उसके घर से घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिससे कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल एवं एक नग पिस्टल जिसके अन्दर राउण्ड भरा हुआ जप्त किया गया। आरोपी को पिस्टल कहां से मिला है उसकी जांच की जा रही है।

**खास बातें**

- आरोपी के कब्जे से एक नग पिस्टल व मोटर सायकल जप्त
- बालको थाना के ग्राम दोंदरो में बुधवार की रात चली थी गोली

# कबड्डी देखकर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 31 वर्षीय युवक अपने गांव के समीप स्कूल में कबड्डी देखने गया हुआ था। जहां से वह वापस लौट रहा था कि बीच रास्ते में उसे किसी अज्ञात वाहन ने उसे चपेट में ले लिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था आनन फानन में स्थानीय लोगों की मदद से उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच कार्यवाही में लिया गया है।

जानकारी के अनुसार दीपिका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवगांव निवासी बृजभुवन 30 वर्ष पिता लमनू सिंह कोराम 19 फरवरी को अपने गांव के स्कूल में कबड्डी देखने गया हुआ था जहां से कबड्डी देखकर बृजभुवन वापस पैदल अपने घर लौट रहा था कि बहरा पुल के समीप पहुंचा ही था कि सामने से आ रही किसी अज्ञात वाहन ने बृजभुवन को अपनी चपेट में ले लिया और मौके से फरार हो गया था। बृजभुवन गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों की जब नजर पड़ी तो इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई। जिसके बाद परिजनों की सहायता से बृजभुवन को उपचार के लिए गंभीर अवस्था में मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान बृजभुवन की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हाइवा और पिकअप की टक्कर में दो की मौत

**कटघोरा।** अंबिकापुर नेशनल हाइवे पर हाइवा और पिकअप के बीच टक्कर से दो लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे लोगों और पुलिस की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

अंबिकापुर नेशनल हाइवे एक बार फिर खून से लाल हो गया है। बांगो थाना क्षेत्र के मोरगा चौकी अंतर्गत मोरगा केंदई हसदेव पुल के पास हुए भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। इस हादसे ने एक बार फिर इस हाइवे की खतरनाक स्थिति और लगातार हो रहे हादसों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, हाइवा और पिकअप वाहन के बीच जोरदार टक्कर हुई, जिसमें दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि हाइवा का चालक वाहन में ही फंस गया, मौके पर पहुंचे लोगों और पुलिस की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला। हादसे के तुरंत बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही मोरगा चौकी प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लेते हुए आगे की कार्रवाई शुरू की। घायल को तत्काल अस्पताल भिजवाया गया, वहीं मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, दोनों मृतक बिहार के निवासी बताए जा रहे हैं,यह पहला मौका नहीं है जब इस हाईवे पर इस तरह का हादसा हुआ हो। कुछ दिन पहले भी इसी मार्ग पर दो कारों के बीच जबरदस्त टक्कर हुई थी, जिसमें दो लोगों की जान चली गई थी।



## बोर्ड परीक्षा एवं होली पर्व के मद्देनजर संचालकों को दिया गया सख्त दिशा-निर्देश

# सीएसपी ने डीजे संचालकों एवं होली सामग्री विक्रेताओं की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के अंतर्गत बोर्ड परीक्षा एवं आगामी होली पर्व के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार कक्ष में डीजे संचालकों एवं होली सामग्री विक्रेताओं की अलग-अलग बैठक आयोजित की गई। बैठकों में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि बोर्ड परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों के अध्ययन में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो तथा होली पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो, इसके लिए सभी संबंधित व्यक्तियों को शासन के नियमों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा। इस दौरान डीजे संचालकों निर्देशित किया गया कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए। रात्रि 10 बजे के पश्चात डीजे/ध्वनि विस्तारक यंत्र पूर्णतः बंद रखा जाए, ध्वनि स्तर निर्धारित डेसिबल मानक से अधिक न हो। परीक्षा केंद्रों, शैक्षणिक संस्थानों एवं अस्पतालों के आसपास विशेष सावधानी बरती जाए। होली पर्व के दौरान डीजे संचालन करते समय कानून-व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। इसी तरह होली सामग्री विक्रेताओं को निर्देश दिया गया कि किसी भी प्रकार के मुखौटे (मास्क) का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। आपत्तिजनक, अश्लील अथवा कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाली सामग्री का विक्रय न किया जाए। हानिकारक रासायनिक रंग अथवा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पदार्थों की बिक्री न करें। होली सामग्री विक्रेताओं को विशेष चेतावनी दी गई कि यदि किसी भी दुकान में मुखौटा या अन्य प्रतिबंधित/आपत्तिजनक सामग्री बिक्री हेतु पाई जाती है, तो संबंधित दुकानदार के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इसी प्रकार, डीजे संचालकों को भी स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया कि निर्धारित सीमा से अधिक ध्वनि प्रसारण अथवा समय सीमा का उल्लंघन करने पर उपकरण जप्ती, लाइसेंस निरस्तीकरण एवं प्रकरण पंजीबद्ध किया जाना जैसी कठोर कार्यवाही की जाएगी।



# शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, वृद्ध आया चपेट में इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक घर में उस वक्त अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब एक 72 वर्षीय वृद्ध अपने घर में अकेले था। अचानक जब घर में शार्ट सर्किट से आग लग गई जिसकी चपेट में आने से वृद्ध व्यक्ति बुरी तरह से झुलस गया। जिसे उपचार के लिए जिला मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत पंप हाउस निवासी रामेश्वर यादव 72 वर्ष पिता स्व परदेसी राम यादव 19 जनवरी की रात लगभग 9 बजे घर पर अकेले मौजूद था। इस दौरान उसके घर में अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया जिसकी वजह से घर में आग लग गई। देखते ही देखते क्षणभर में आग में पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की जद में आने से रामेश्वर यादव बुरी तरह से झुलस गया था। स्थानीय लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया और रामेश्वर यादव को उपचार के लिए जिला मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है।

**खबर संक्षेप**

### युवक की हत्या मामले में खंगाला जा रहा फुटेज

**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश में युवक की हत्या के मामले में अन्य आरोपी की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। परिजन एक अन्य युवक पर भी हत्या में शामिल होने का आरोप लगा रहे हैं। 30 जनवरी को जूना बिलासपर निवासी शानू खान उर्फ अमन पिता इकबाल खान 26 साल की पुरानी रंजिश को लेकर बिलासा चौक निवासी विकास तिवारी, चांटीडीह निवासी शैलेन्द्र प्रजापति ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने हत्या के मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, परिजन एक अन्य युवक पर हत्याकांड में शामिल होने का आरोप लगा रहे हैं, उसके आधार पर पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। मृतक शानू खान पर पूर्व में हत्या का आरोप नहीं नहीं लगाया गया था। मृतक परिजन के अनुसार उक्त हत्याकांड में शामिल एक अन्य आरोपी को जल्द से जल्द पकड़ा जाना चाहिए।

### चाकू लहराने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चाकू लहराकर अशांति फैलाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में एक युवक चाकू रखकर अशांति फैला रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर नगपुरा निवासी मंगल यादव पिता संतु यादव 35 साल को पकड़कर चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** पैसा के लेनदेन के विवाद में मारपीट की एफआईआर दर्ज होने के दो दिन बाद मामले के आरोपी युवक रतनपुर क्षेत्र में पेड़ में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। रतनपुर टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया कि 18 फरवरी को नवागांव में पेड़ में फांसी पर लटकी एक युवक की लाश मिली थी। पहचान नहीं होने पर शव मरच्यूरी में रखवा दिया गया था। 19 फरवरी की शाम उसकी पहचान जूना बिलासपुर निवासी मनीष देवांगन पिता राजेश देवांगन 32 साल के रूप में हुई। बताया जाता है मृतक ने गांधी चौक में कोचिंग सेंटर चलाने वाल नामदेव से पैसा उधार में लिया था। 16 फरवरी को उन्होंने अपना पैसा वापस मांगा तो मृतक मनीष देवांगन ने उनके साथ मारपीट कर दी थी। पुलिस ने उक्त मामले में मनीष देवांगन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली थी। उसके बाद 17 फरवरी को उसकी पत्नी ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट लिखाई उनका पति मनीष देवांगन बिना बताए कहीं चला गया है।

### घर से भागी नाबालिग को पुलिस ने खोजा

**बिलासपुर।** पारिवारिक कारणों से नाबालिग घर छोड़कर भाग गई। सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रेलवे स्टेशन में पतासाजी कर नाबालिग को सुरक्षित बरामद कर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक 16 साल की नाबालिग लड़की पारिवारिक विवाद के चलते अपने बड़ी बहन के ससुराल रहने चली गई थी। शुक्रवार की सुबह वह अपने दीदी, जीजा को बिना बताए उनके घर से चली गई। उनकी बहन ने कोनी थाना आकर छोटी बहन के रहस्यमय लापता होने की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए बाहर भागने की आशंका पर घुटकू रेलवे स्टेशन में पतासाजी की गई।

### सूने घर से लाखों की नगदी व जेवर पार, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** बीती रात चोरों ने सुभाषनगर में एक सूने घर को शिकार बनाया तथा घर में रखी नगद राशि सहित लाखों के जेवर को पार कर दिया। चोरों ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ दिया है। पीड़ित की रिपोर्ट पर गांधीनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 331 (4) एवं 305 (ए) का मामला पंजीबद्ध किया है। भगवानपुर खुर्द सुभाषनगर निवासी सुनंदन तिवारी उर्फ गोलू तिवारी आ.रामवृक्ष तिवारी के परिवार के सदस्य गुरूवार को बाहर गए थे तथा सुनंदन तिवारी अकेले घर के कमरे में सो रहे थे।

**सिलेबस में पढ़ाए गए टॉपिक्स से ही सभी सवाल आए थे** | कुल 131 केन्द्रों में परीक्षा हुई, 10 हजार 370 स्टूडेंट उपस्थित, 358 अनुपस्थित

# 10 साल बाद बदले गए ब्लू प्रिंट से ली गई परीक्षा, आसान सवालों से चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा ली जा रही कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं शुक्रवार से शुरू हुईं। परीक्षा के पहले दिन छात्र-छात्राओं ने फिजिक्स और भूगोल विषय का पेपर दिया। परीक्षा के बाद परीक्षार्थियों में उत्साह देखने को मिला। 10 साल बाद परीक्षा नए ब्लू प्रिंट के हिसाब से ली गई। बिलासपुर में कुल 131 केन्द्रों में परीक्षा हुई जिसमें 10 हजार 728 परीक्षार्थियों में से 10 हजार 370 स्टूडेंट उपस्थित तो 358 अनुपस्थित थे। परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12.15 बजे तक ली गई

फिजिक्स विषय को लेकर छात्रों ने बताया कि प्रश्नपत्र सिलेबस के अनुसार था और अधिकांश सवाल आसान रहे। कुछ प्रश्न थोड़े कठिन जरूर थे लेकिन छात्रों का कहना है कि 70 अंकों में से लगभग 50 अंक आसानी से आ जाएंगे। वहीं भूगोल के पेपर को लेकर छात्राओं ने कहा कि 70 में 70 अंक आने की पूरी उम्मीद है। पेपर हल करने में उन्हें काफी मजा आया।



### बहुविकल्पीय अति लघु उत्तरीय प्रश्नों की संख्या बढ़ी

ध्यान रहे कि नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद 10वीं और 12वीं के लिए नया ब्लू प्रिंट तैयार किया गया है, जिसके आधार पर प्रश्नपत्र बनाए गए हैं। प्रश्नपत्र सीबीएसई पैटर्न पर तैयार बहुविकल्पीय (एमसीक्यू) और अति लघु उत्तरीय प्रश्नों की संख्या बढ़ी है, जिससे छात्रों की अवधारणात्मक समझ का आकलन किया जा सके। इसके साथ ही मंडल ने नकल रोकने के लिए विशेष रणनीति बनाई है। सभी जिलों के कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारियों को सख्त निर्देश हैं। जिला और विकासखंड स्तर पर उड़नदस्तों का गठन किया है। जिससे कि परीक्षा केंद्रों पर निगरानी व्यवस्था मजबूत की जा सके। अधिकारियों के मुताबिक गर्मी को देखते हुए परीक्षा केंद्रों में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। केंद्राध्यक्षों और पर्यवेक्षकों को परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित बनी रहे।

### प्रश्न आउट ऑफ सिलेबस नहीं

छात्र अभिषेक ने कहा कि फिजिक्स का पेपर बहुत अच्छा गया। सिलेबस में पढ़ाए गए टॉपिक्स से ही सभी सवाल आए थे और कोई भी प्रश्न आउट ऑफ सिलेबस नहीं था। जिन प्रश्नों की उन्होंने पहले से तैयारी की थी, वही परीक्षा में पूछे गए। परीक्षा में एक केस बेस्ड प्रश्न भी आया था, जो प्री-बोर्ड वन और टू में पहले ही पूछा जा चुका था, केवल नाम में थोड़ा बदलाव था। यह चार से पांच नंबर का प्रश्न था, जिसे पहले से तैयार होने के कारण हल करना काफी आसान रहा। उन्होंने कहा कि घर पर रिवीजन और कोचिंग की मदद से उनकी तैयारी मजबूत हुई। छात्र आर्यन विश्वास ने कहा कि उनका फिजिक्स का पेपर काफी अच्छा गया। सभी प्रश्न पढ़े हुए सिलेबस से ही आए थे। कुछ सवाल थोड़े कठिन जरूर थे लेकिन अच्छी तैयारी के कारण वे सभी हल कर पाए. आर्यन के अनुसार, प्रश्नपत्र पूरी तरह ब्लूप्रिंट के अनुसार था और स्कूल और कोचिंग में पढ़ाए गए पाठ्यक्रम से ही प्रश्न पूछे गए थे।

### भूगोल का पेपर था बेहद आसान

कक्षा 12वीं की छात्रा रोशनी तिवारी ने कहा कि उनका भूगोल का पेपर था और सभी प्रश्न बिल्कुल वैसे ही आए, जैसा उन्होंने पढ़ा था। उन्होंने सभी प्रश्न अटेम्प्ट किए हैं और 70 में 70 अंक आने की पूरी उम्मीद जताई। रोशनी के अनुसार, प्रश्नपत्र में ऑब्जेक्टिव के साथ एक, दो, तीन और पांच नंबर के प्रश्न शामिल थे। रोपण कृषि से जुड़े प्रश्न भी सिलेबस के अंदर से ही थे। कुछ एक नंबर के प्रश्न आउट ऑफ सिलेबस थे लेकिन वे भी काफी आसान थे।

### जिले में बोर्ड की परीक्षाएं शुरू केंद्रों का किया गया निरीक्षण

जिले में 20 फरवरी से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के बारहवीं बोर्ड की परीक्षा प्रारंभ हो गई है। परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में परीक्षा संचालित की जा रही है। परीक्षा संचालन की व्यवस्था का जायजा लेने के लिए संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग के प्रभारी संयुक्त संचालक अनिल तिवारी एवं सहायक संचालक सतीश कुमार पाटिल ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हायर सेकेण्डरी परीक्षा केंद्र सेजेस रतनपुर, शासकीय उमावि लखराम, शहीद नूतन सोनी शासकीय उमावि रतनपुर, शासकीय उमावि भरारी, सेजेस सेन्दरी एवं शासकीय उमावि सेमरताल का अवलोकन किया गया। सभी केंद्रों में परीक्षा का संचालन सुचारू रूप से होना पाया गया। संयुक्त संचालक श्री तिवारी ने पर्यवेक्षण पंजी संधारण, प्रश्न पत्र लेखा तथा उत्तर पुस्तिका लेखा का संधारण व्यवस्थित ढंग से करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यवेक्षकों की ड्यूटी निर्धारण में सतर्कता से कार्य करने कहा।

**निगम 30 साल की लीज देगा, 2 प्रतिशत सालाना फीस भी देना होगा**

# 29 करोड़ में बनी कोतवाली परिसर की 18 दुकानें साल भर से खाली, 6 बार हुआ टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

28.74 करोड़ में बनाई गई सिटी कोतवाली में निर्मित मल्टीलेवल पार्किंग सह व्यवसायिक परिसर में की 18 दुकानें अभी तक खाली हैं। यहां कुल 46 दुकानें बनाईं गईं थीं जिसमें से 28 का आबंटन तो बड़ी मुश्किल से हो गया है लेकिन बाकी के लिए अब तक निगम 6 बार टेंडर कर चुका है, लेने वाला लेकिन कोई नहीं है। अब कहा जा रहा है कि होली से पहले सातवीं बार टेंडर किया जाएगा और दुकानों का आबंटन हो जाएगा। हालांकि यह इतना भी आसान नहीं है क्योंकि जो दुकानें खाली हैं वह पीछे और बीच की हैं। निगम ने इन दुकानों का प्रारंभिक किराया 35 लाख रुपए रखा है। नीलामी के दौरान इसकी कीमत 50 लाख तक पहुंच सकती है। इसके लिए निगम 30 साल की लीज देगा और 2 प्रतिशत सालाना फीस भी अलग से लेगा।

- इन दुकानों का प्रारंभिक किराया 35 लाख रुपए

गौरतलब है कि बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा सिटी कोतवाली परिसर में मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण किया गया है। 3.5 एकड़ क्षेत्र में निर्मित उक्त परिसर में पार्किंग के अलावा ग्राउंड फ्लोर में कमर्शियल कांप्लेक्स भी है जिसमें 46 दुकानें बनाई गई है। उक्त दुकानों के आबंटन के लिए बिलासपुर स्मार्ट सिटी द्वारा निविदा प्रक्रिया की गई है। पहले दो बार की निविदा में कुल 28 दुकानों आबंटन हो गया है जिससे निगम को 15 करोड़ रुपए के करीब आय हुई है। बाकी लेकिन 18 दुकानें करीब साल भर से खाली पड़ी हैं जिसके लिए निगम की ओर से 6 बार टेंडर किया जा चुका है। हर बार के टेंडर में एक भी दुकान नहीं बिकी क्योंकि लेने वाला कोई पहुंचा ही नहीं। निगम अधिकारियों का कहना है कि सामने की दुकानें तो बिक गईं हैं लेकिन पीछे और बीच की दुकानों के आबंटन में परेशानी आ रही है।




### 2 प्रतिशत सालाना फीस भी देनी होगी

अब निगम सातवीं बार टेंडर जारी करने जा रहा है। इसमें दुकानों के लिए बेस प्राइज 35 लाख रुपए निर्धारित किया गया है। बेस प्राइज के ऊपर उच्च दर प्रस्तावित करने वालों को दुकान का आबंटन किया जाएगा। इसके साथ ही नीलामी के दौरान इसकी कीमत 50 लाख तक पहुंच सकती है। इसके लिए निगम 30 साल की लीज देगा और 2 प्रतिशत सालाना फीस भी अलग से लेगा। आवेदन फार्म ऑनलाइन **www.bilaspurnagarnigam.com** पर लिया जा सकता है। जमा स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से करना है। निविदा से संबंधित समस्त जानकारी एवं शर्तें वेबसाइट और फार्म में उपलब्ध रहेंगी।

### पुलिस विभाग ने दी है पूरी परिसर की जमीन

गौरतलब है कि इस मल्टीलेबल पार्किंग में लगभग 192 कार और 325 बाइक खड़ी की जा सकती हैं, साथ ही बेसमेंट में भी पार्किंग सुविधा उपलब्ध है। ग्राउंड फ्लोर को कमर्शियल कांप्लेक्स के तौर पर विकसित किया गया है। इसके अलावा बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से कहा गया है कि पुलिस विभाग से कोतवाली परिसर की जमीन इस शर्त पर दी गई कि पार्किंग सह व्यवसायिक परिसर के निर्माण के साथ पुलिस क्वार्टर का निर्माण कराया जाए। इसी वजह से ग्राउंड फ्लोर पर 46 दुकानों का निर्माण कराया गया है। इसकी आय से पुलिस क्वार्टर और थाने का नवीनीकरण किया गया है। यहां 8 मकान बनाए गए हैं जिसमें से प्रत्येक की लागत करीब 12 लाख रुपए है।

### दुकानों का होगा आवंटन

जो दुकान खाली हैं उनके लिए नए सिरे से टेंडर होगा। इसमें दुकानों के लिए बेस प्राइज 35 लाख रुपए निर्धारित किया गया है। बेस प्राइज के ऊपर उच्च दर प्रस्तावित करने वालों को दुकान का आबंटन किया जाएगा। इसके साथ ही नीलामी के दौरान इसकी कीमत 50 लाख तक पहुंच सकती है। इसके लिए निगम 30 साल की लीज देगा और 2 प्रतिशत सालाना फीस भी अलग से लेगा।

**- राजकुमार मिश्रा,** जीएम, स्मार्ट सिटी

## 'फॉर्च्यून एलिमेंट्स' परियोजना के प्रमोटर पर 10 लाख का दंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (सीजीरेरा) ने भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के मामले में सख्त कदम उठाते हुए बिलासपुर के बोदरी स्थित 'फॉर्च्यून एलिमेंट्स' परियोजना के प्रवर्तक पवन अग्रवाल पर 10 लाख रुपए (दस लाख रुपये) का आर्थिक दंड लगाया है।

- भ्रामक विज्ञापन पर सीजीरेरा की कड़ी कार्रवाई

दरअसल उक्त परियोजना का पंजीयन एक प्लॉटेड परियोजना के रूप में किया गया है किंतु प्राधिकरण द्वारा विभिन्न माध्यमों में प्रकाशित विज्ञापनों की जांच के दौरान यह पाया गया कि प्रमोटर द्वारा परियोजना का प्रचार हाउसिंग परियोजना के रूप में किया जा रहा था, जो कि पंजीकृत विवरण के विपरीत एवं भ्रामक है। अधिकारियों के मुताबिक रेरा अधिनियम की धारा 7 के अनुसार यदि कोई प्रवर्तक अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा परियोजना से संबंधित गलत या भ्रामक जानकारी प्रस्तुत करता है, तो प्राधिकरण परियोजना के पंजीयन के विरुद्ध कार्रवाई कर सकता है, जिसमें पंजीयन निरस्तीकरण सहित अन्य दंडात्मक कदम शामिल हैं।

### स्वीकृत योजना, ले-आउट के आधार पर हो काम

इसके अतिरिक्त, अधिनियम की धारा 14 के तहत प्रवर्तक के लिए यह अनिवार्य है कि वह परियोजना का विकास एवं प्रचार स्वीकृत योजना, ले-आउट, विनिर्देश तथा पंजीयन के समय दी गई जानकारी के अनुरूप ही करे। इन प्रावधानों के विपरीत किसी भी प्रकार का भ्रामक प्रचार या परिवर्तन उल्लंघन की श्रेणी में आता है। प्राधिकरण ने उक्त उल्लंघन को गंभीर मानते हुए प्रवर्तक पर 10 लाख रुपए का दंड अधिरोपित किया है तथा निर्देश दिया है कि संबंधित हाउसिंग क्षेत्र परियोजना का विधिवत पंजीयन कराया जाए। सीजीरेरा ने स्पष्ट किया है कि प्राधिकरण प्रिंट, डिजिटल एवं अन्य विभिन्न माध्यमों पर प्रसारित रियल एस्टेट परियोजनाओं के विज्ञापनों की सतत निगरानी कर रहा है। किसी भी प्रकार के भ्रामक अथवा पंजीकृत विवरण के विपरीत विज्ञापन पाए जाने पर संबंधित प्रवर्तकों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जोनल कार्याक्षेत्रीय हिंदी प्रतियोगिता संपन्न

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय के राजभाषा विभाग का क्षेत्रीय हिंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस अवसर पर जोनल सभाकक्ष में हिंदी वाव, हिंदी निबंध, हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें मुख्यालय सहित तीनों मंडलों तथा दोनों कारखानों में आयोजित हिंदी प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार विजेता 37 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में शिवशंकर लकड़ा, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य सामग्री प्रबंधक-1 मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन पीएल जाटवर राजभाषा अधिकारी मुख्यालय ने किया।

## नौकरी लगाने का झांसा देकर 25 लाख की ठगी करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोर्ट में बाबू की नौकरी लगाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 25 लाख रुपए ठगी करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से 75 हजार रुपए नकद, मोबाइल जब्त किया गया है।



आरोपी।

हिर्री थाना के एएसआई दिवाकर सिंह ने बताया कि जांजगीर मुलमुला छेडोलिया निवासी राजा भैया लहरे पिता स्व. पुनीत राम लहरे ने पामगढ़ उरईहा चण्डीपारा निवासी अंबिका प्रसाद भारद्वाज पिता स्व. एलआर भारद्वाज 50 साल के बेटे राहुल भारद्वाज व भतीजे हरीश की कोर्ट में बाबू की नौकरी लगाने का आश्वासन दिया। उसकी बातों में आकर श्री भारद्वाज ने वर्ष 2023 में हिर्री क्षेत्र के पेण्ड्रीडीह चौक पर 17 लाख 65 हजार रुपए आनलाइन व 7 लाख 35 हजार रुपए नकद दिया। पैसा मिलने के बाद राजा भैया लहरे गांव छोड़कर भाग गया। बेटा व भतीजे का नौकरी नहीं लगने पर वह पैसा वापस मांगने राजा भैया लहरे घर से फरार हो गया था। श्री भारद्वाज घटना की लिखित शिकायत पुलिस प्रशासन से की। सुनवाई नहीं होने पर उन्होने कोर्ट में परिवाद पेश किया। कोर्ट के आदेश 12 जनवरी 2026 को हिर्री थाने में श्री भारद्वाज की रिपोर्ट पर आरोपी राजा भैया लहरे के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया गया था।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मुलमुला उसके घर में दबिश देकर आरोपी राजा भैया लहरे को पकड़ लिया। उसके पास से 75 हजार रुपए नकद, एक मोबाइल जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### तीन साल में मुलमुला पुलिस नहीं खोज पाई

आरोपी राजा भैया लहरे के गांव से भाग जाने पर वर्ष 2023 में उनके परिजन के द्वारा मुलमुला थाना में गुम इंसान कायम कराया गया था। मजेदारबात यह है कि 3 साल में पुलिस गुम इंसान को नहीं खोज पाई। हिर्री पुलिस ने राजा भैया को पकड़ने के बाद उसे मुलमुला थाना लेकर गई। उसके बाद मुलमुला पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार किया है।


## एलेक्जेंडर पैराकिट बेचने वाले आरोपी की बाइक राजसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन विभाग की टीम ने भारत के हिमालय में पाए जाने वाले एलेक्जेंडर पैराकिट शेडयूल 2 के बेचने के फिराक में घूम रहे आरोपी को पकड़ा है। विभाग ने आरोपी की बुलेट को राजसात करने की तैयारी शुरु कर दी है। वहीं आरोपी के खिलाफ वन्यप्राणी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए रिमांड पर जेल भेजकर पूछताछ शुरु कर दी है।

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एलेक्जेंडर पैराकिट देश में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूचि एक के अंतर्गत आता है, जिसका अर्थ है कि इसे अनुसूची दो की तुलना में सर्वोच्च संरक्षण प्राप्त है। यह एक संकटग्रस्त प्रजाति है, जिसे पालतू बनाना, खरीदना बेचना या कैद में रखना पूरी तरह से प्रतिबंधित और दंडनीय अपराध है। यह देश का सबसे बड़ा पैराकिट है






जो अपनी गर्दन पर लाल छल्ले और पंखों पर लाल धब्बों के लिए जाना जाता है, जो पहाड़ी क्षेत्रों, सघन वन व हिमालय के तराई क्षेत्रों में पाया जाता है। प्रतिबंध के बाद भी एलेक्जेंडर पैराकिट शेडयूल 2 को बेचने की सूचना मुखबिर से प्राप्त हुई थी।

सूचना मिलते ही अपोलो के पास वन विभाग की टीम उड़नदस्ता प्रभारी शिवकुमार नाग, वन पाल मुकेश साहू, दिलीप ठाकुर, कलेशपाल सहित अन्य स्टाफ ने तत्काल दबिश दी और घेराबंदी कर एलेक्जेंडर पैराकिट शेडयूल 2 को बेचने वाले आरोपी लिंगियाडीह निवासी साहिल खरे पिता श्याम प्रसाद खरे को पकड़ा गया। आरोपी के पास से एलेक्जेंडर पैराकिट को जब्त करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे रिमांड पर पूछताछ करने के साथ बुलेट क्रं. सीजी 11 एआर 3528 को राजसात करने का निर्णय लिया है।

## बेल्ट से गला दबाकर स्कॉर्पियो लूटने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** बेल्ट से गला दबाकर स्कॉर्पियो वाहन लूटने के मामले में पुलिस ने जांच उपरान्त के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने मध्यप्रदेश से आकर सरगुजा में वारदात को अंजाम दिया था। इसके साथ ही पुलिस वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

बता दें कि शहर के केदारपुर भट्ठी रोड निवासी अंकित सिन्हा को परिचित पंचर दुकान संचालक ने 10 फरवरी को फोन कर बताया था की कुछ लोग मैनपाट घूमने जाना चाहते है और उन्हें किराए पर वाहन चाहिए। ऐसे में अंकित सिन्हा खुद अपनी स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 16 सीजे 5333 से पुराना बस स्टैंड पहुंचा। पुराना बस स्टैंड में में 4 लोगों को मैनपाट घुमाने लेकर गया। दिनभर मैनपाट में घूमने के बाद शाम को वापस लौटते समय वाहन सवार एक व्यक्ति ने उल्टी आने की बात कहते हुए वाहन को रुकवाया। जब अंकित ने वाहन को साइड में खड़ा किया तो पीछे बैठे एक व्यक्ति ने बेल्ट से अंकित के गले तो दबाकर पीछे खींचना शुरू कर दिया। किसी तरह बेल्ट को गले से निकालकर वह वाहन से कूदकर भाग निकला। इस दौरान अपराधियों ने युवक को दौडाकर पकड़ने का प्रयास भी किया लेकिन वह सड़क किनारे गड्ढ़े में जाकर छिप गया। इसके बाद आरोपी उसके स्कॉर्पियो वाहन को लेकर भाग निकले। युवक ने घटना की शिकायत पुलिस से की जिसके बाद दरिमा पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने सभी क्षेत्रों में नाकेबंदी की। नाकेबंदी के दौरान आरोपी कटघोरा में वाहन को लावारिस हालत में छोड़कर भाग निकले जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया था। इस मामले में पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी बीच मुखबिर से मिली सूचना और जांच के आधार पर पुलिस ने मध्यप्रदेश के अनुपपुर अमलाई दफाई बसंतपुर निवासी 21 वर्षीय गोविन्द पटेल आ. राजू पटेल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 309 (3) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी दरिमा राजेश खलखो, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, जयदीप सिंह, सुजीत पाल, आरक्षक जितेश साहू सक्रिय रहे।



## युवक पर चाकू से हमला, आरोपी फरार

**बिलासपुर।** लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम के सामने भेल खाने दोस्तों के साथ गए युवक पर बदमाश युवकों ने मारपीट करते हुए चाकू से जानलेवा हमला कर दिया । घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

- घायल युवक सिम्स में भर्ती

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार कोनी निवासी आदित्य श्रीवास 20 साल अपने दोस्तों के साथ शुक्रवार की शाम 7.30 बजे मिशन हॉस्पिटल रोड भेल खाने गया था। इसी दौरान वहां पहले से मौजूद सरकंडा मुक्तिधाम रोड निवासी युग मिश्रा, वेदांत गुप्ता, निखिल नवानी एवं अन्य युवक आदित्य के साथ गली गलौज कर विवाद करने लगे । विरोध करने पर युग मिश्रा एवं उसके साथियों ने जमकर बेस बल्ला हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए चाकू से तीन बार हमला किया। हमलावर युवक मौका पाकर भाग खड़े हुए। दोस्तों ने घायल आदित्य श्रीवास को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया है।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जानकारी लेने के बाद हमलावरों की तलाश में जुट गई है। पुलिस ने चाचा आनंद कि रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ धारा 109, 296, 3, 3, 5, 315, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। देर रात तक पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई थी ।

## खबर संक्षेप

### आबकारी विभाग की कार्रवाई एक माह में 98 प्रकरण दर्ज

**कोरबा।** जिले के रामपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले दो आबकारी वृत्त-कोरबा दक्षिण आबकारी वृत्त एवं कोरबा आंतरिक आबकारी वृत्त-में अवैध शराब निर्माण, धारण, विक्रय तथा परिवहन पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए आबकारी विभाग द्वारा सतत अभियान चलाया जा रहा है। प्रभारी अधिकारियों के निर्देशन में नियमित गश्त और उपलब्धन कार्यवाही की जा रही है, जिसके परिणामस्वरूप विगत एक माह में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ दर्ज की गई हैं। वृत्त-कोरबा दक्षिण के प्रभारी अधिकारी द्वारा चार सप्ताह की अवधि में आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कुल तिरपन प्रकरण दर्ज किए गए। इस अवधि में दो सौ उनतालीस दशमलव एक सौ लीटर मदिरा तथा छह सौ पाँच किलोग्राम लाहन जप्त किया गया है। कुल बावन आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर उन्हें माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, वहीं अवैध मादक पदार्थ बरामद न होने की स्थिति में चौदह खाली तलाशी पंचनामा तैयार किए गए हैं। इसी प्रकार वृत्त-कोरबा आंतरिक के प्रभारी अधिकारी द्वारा पिछले एक माह में पैंतालीस प्रकरण दर्ज किए गए। कार्रवाई के दौरान एक सौ बारह दशमलव पचास लीटर मदिरा और छह सौ पचहत्तर किलोग्राम लाहन जप्त किया गया है। कुल तैंतालीस आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालयीन कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया गया है।

### युवाओं को सही दिशा देकर विकसित भारत की संकल्पना को किया जा सकता है साकार : डॉ विदुषी

**करतला।** युवाओं को सकारात्मक दिशा की ओर प्रेरित करते हुए उनके कौशल और बुद्धिमत्ता को विकसित भारत 2047 के लिए प्रमुखता से तैयार किया जा सकता है। और यदि इस काम को हम कर लिए तो निश्चित तौर पर हमारा युवा भारत 2047 में एक विकसित राष्ट्र के रूप में पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बनाएगी। अतः हम सभी एक साथ इस महान लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपने कर्तव्यों का अपने-अपने जगह पर संकल्प पूर्वक निर्वहन करें। उक्त उद्गार शासकीय महाविद्यालय करतला एवं शासकीय नवीन महाविद्यालय रामपुर के संयुक्त तत्वाधान में विकसित भारत 2047-नवाचार,आत्मनिर्भरता एवं समावेशी विकास पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में प्रथम तकनीकी सत्र के स्रोत व्यक्ति एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित अतिथि वक्ता डॉ.विदुषी शर्मा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय दिल्ली की काउंसलर ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि जुड़ावन सिंह ठाकुर प्रांत प्रमुख विद्या भारती ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा और भारतीय संस्कृति की मूल अवधारणा को अपनाकर भारत को विश्व स्तर पर एक नई पहचान दिलाया जा सकता है।

## निधन

### श्रीमती रेशम बाई रात्रे



**कोरबा।** पत्रकार नरेन्द्र कुमार रात्रे की माता श्रीमती रेशम बाई रात्रे पति रामेश्वर प्रसाद रात्रे सेवानिवृत्त बालको कर्मचारी का शुक्रवार को अपोलो बिलासपुर में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी। उनका अंतिम संस्कार 21 फरवरी शनिवार को प्रातः 10 बजे भदरापारा बालको स्थित निवास गुरु घासीदास चौक के पास से सतनाम नगर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार का काम किया जाएगा।

### वाल्मीकि प्रसाद दुबे



**कोरबा।** एमपी नगर निवासी व सीएसईबी से सेवानिवृत वाल्मीकि प्रसाद दुबे का शुक्रवार को निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्र आदित्य दुबे और पुत्री ममता दुबे सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार 21 फरवरी को पोड़ीबहार स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी की बैठक लेकर की कार्यों के प्रगति की समीक्षा

# पीवीटीजी सड़क निर्माण में देरी को लेकर कलेक्टर नाराज, ठेकेदार होंगे ब्लेक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पीएमजीएसवाय, लोक निर्माण विभाग, पीडब्ल्यूडी-सेतु के अधिकारियों की बैठक में पीजीवीटी क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण में हो रही देरी को लेकर नाराजगी जताते हुए काम लेकर सड़क बनाने में रुचि नहीं लेने वाले ठेकेदारों को ब्लेकलिस्ट करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने पीएम जनमन अंतर्गत पीवीटीजी क्षेत्रों में निर्माणाधीन सड़कों सहित अन्य कार्यां में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने काम लेकर कार्य में रूचि नहीं ले रहे ठेकेदारों के विरूद्ध ब्लैक लिस्टिंग की कार्यवाही करने और कार्य पूर्ण करने वाले ठेकेदारों का समय पर भुगतान के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसियों को स्पष्ट निर्देशित किया कि कार्यपालन अभियंता, अनुविभागीय अधिकारी और सब इंजीनियर निर्माण से जुड़े कार्यों की निरन्तर मॉनीटरिंग करना सुनिश्चित करें, साइट पर जाकर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच करें और लापरवाही पाये जाने पर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें और कार्य पूर्ण होने पर संबंधित विभाग को हैण्ड ओवर करें। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने निर्माण एजेंसियों के कार्यो की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर परिवार वाले क्षेत्रों में सड़क निर्माण के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने दूरस्थ क्षेत्रों में निवासरत पीवीटीजी परिवारों के ग्रामों तक सड़ निर्माण के कार्यों में प्रगति लाने और मार्च माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम गौरव पथ, डीएमएफ अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में भी प्रगति लाते हुए मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री दुदावत ने लोक निर्माण विभाग अंतर्गत सड़क, स्कूल, अस्पताल और अन्य शासकीय भवन के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में यह भी निर्देशित किया कि कार्य लेकर अधूरा छोड़ देने की स्थिति को ध्यान रखते हुए जोनल टेण्डर की प्रक्रिया सुनिश्चित करें।

## जिला ही नहीं बल्कि प्रदेश में के एल मेहता क्रिकेट की सुनाई देती है गूंज : मोदी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रेस क्लब कोरबा द्वारा आयोजित स्व.केशवलाल मेहता क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन पहला मुकाबला कोरबा प्रेस क्लब बनाम अधिवक्ता 11, दूसरा मैच एनटीपीसी बनाम एसईसीएल कुसमुंडा व अंतिम मुकाबला अडानी पावर विरुद्ध कमिश्नर 11 के बीच खेला गया। पहले मैच के मुख्य अतिथि स्टेट बार के मेंबर रविंद्र पाराशर रहे। विशिष्ट के तौर पर बाल कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष मनीष शर्मा, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष गणेश कुलदीप, अधिवक्ता अब्दुल रहमान, विकास जोशी, किशोर शर्मा, जयप्रकाश टमकोरिया, विश्वनाथ केडिया उपस्थित रहे। पहले मुकाबले में कोरबा प्रेस क्लब की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट के नुकसान पर 94 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अधिवक्ता 11 की टीम ने दो विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। मुकाबला अधिवक्ता 11 ने 8 विकेट से जीता। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि स्व मेहता की स्मृति में कोरबा प्रेस क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम की कोरबा में नहीं बल्कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में इसकी गूंज पहुंचती है। खास तौर पर राजधानी में इस प्रतियोगिता की चर्चा होती है। प्रेस क्लब के वरिष्ठ सदस्य श्रवण साहू के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। दूसरा मुकाबला एनटीपीसी बनाम एसईसीएल कुसमुंडा के बीच खेला गया। एनटीपीसी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट खोकर 143 रन बनाएं।

## सजग कोरबा अभियान के तहत कटघोरा पुलिस अलर्ट, व्यापारियों की बैठक में दिए निर्देश



व्यापारियों की बैठक लेते पुलिस अधिकारी।

### डीजे संचालकों को सख्त चेतावनी

डीजे संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे तेज आवाज में डीजे न बजाएं और कार्यक्रम के लिए प्रशासनिक अनुमति लेना अनिवार्य है। थाना प्रभारी ने स्पष्ट कहा कि नियमों के उल्लंघन या शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सभी दुकानदारों, पेट्रोल पंप संचालकों और ढाबा संचालकों को अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए। इससे अपराधियों की पहचान और निगरानी में सहायता मिलेगी।बैठक के अंत में थाना प्रभारी ने सभी को चेतावनी दी कि यदि निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया गया तो पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

आगामी होली त्योहार और वैवाहिक सीजन को देखते हुए छत्तीसगढ़ पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सजग कोरबा अभियान के तहत व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में व्यापारियों, डीजे संचालकों, बैंक कर्मियों और पेट्रोल पंप संचालकों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने थाना परिसर में नगर एवं आसपास के व्यापारियों, पेट्रोल पंप संचालकों, बैंक अधिकारियों, डीजे संचालकों और ज्वेलरी दुकानदारों, ग्राम सरपंच, वार्ड पार्षदों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक का मुख्य उद्देश्य लोगों को सतर्क करना और अपराधों की रोकथाम के लिए सहयोग सुनिश्चित करना था। थाना प्रभारी ने बैंक से नकदी लेन-देन के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की अपील की। उन्होंने कहा की बैंक से बड़ी राशि निकालने अकेले न जाएं, बल्कि 3–4 विश्वसनीय लोगों को साथ रखें। पैसे निकालने के बाद सुनसान स्थानों पर न रुकें और सीधे घर या सुरक्षित स्थान पर पहुंचें। वाहन में लापरवाही से नकदी न रखें। किसी अज्ञात व्यक्ति की बातों में आने से बचें। बैंक या आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो तुरंत डायल 112 या थाना को सूचना दें।

## वितरण कर्मियों को प्राथमिकता से आवास आबंटन करने जनता यूनियन ने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनता यूनियन के प्रांताध्यक्ष अनिल द्विवेदी के नेतृत्व में प्रांतीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने जनरेशन कम्पनी के प्रबंध निदेशक शसंजीव कुमार कटियार से मुलाकात की। इस दौरान श्री द्विवेदी ने एमडी श्री कटियार से कम्पनी एवं कर्मचारी हित के विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने मांग रखी कि वितरण शाखा में कार्यरत कर्मचारियों को प्राथमिकतापूर्वक सुलभ आवास आबंटित किया जाए, जर्जर आवास किसी भी कर्मचारी को आबंटित न किया जाए, आबंटन के पूर्व आवास की भौतिक स्थिति की समीक्षा कर सुधार कराया जाए ताकि कर्मचारियों को समस्या न हो। इसके अलावा द्विवेदी ने जिले में निर्माणाधीन 1320 मेगावाट पावर जनरेशन प्लांट में स्थानीय लोगों को ही रोजगार देने की मांग की। इस दौरान प्रांतीय उपाध्यक्ष सम्मेलाल श्रीवास, जनरेशन शाखा संरक्षक डीएस दीक्षित, कोरबा सर्कल सचिव घनश्याम गवेल, कोषाध्यक्ष प्रकाश सिंह राठौर, उपाध्यक्ष नीलांबर शर्मा, अनूप जोलहे, प्रचार सचिव अरुण सागर, सहसचिव प्रमोद शर्मा, जनरेशन शाखा सचिव मुरलीधर सोनीकर, कार्यकारिणी सदस्य रितेश सोनी, संजय राठौर, धीरेंद्र बरेठ उपस्थित रहे।

**न्यायालय प्रथम जिला न्यायाधीश कोरबा**
**जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**आम ईश्तहार**

प्रोसेस क्रमांक 214/26
सिविल अपील प्रकरण क्र. 01अ/2025
पेशी दिनांक 07/03/2026

मुमताज बेगम — अपीलार्थीगण
बनाम
किशन अग्रवाल वगैरह — उत्तरवादीगण

उपरोक्त अपीलार्थीगण के द्वारा किशन अग्रवाल वगैरह के विरुद्ध न्यायालय श्रीमती गरिमा शर्मा, प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.) के समक्ष सिविल अपील प्रकरण क्रमांक 01अ /2025 प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 07-03-2026 की तिथि नियत है।

सिविल अपील प्रकरण क्र.01 अ/2025, अपीलार्थीगण के द्वारा उत्तरवादी क्रमांक 03 अब्दुल रउफ सिद्दीकी, पिता- अब्दुल सिद्दीकी मृत वारिसानगण- 03 (अ) अफसरी निशा, पति-स्व. अब्दुल रउफ सिद्दीकी, पता- के.बी. पब्लिक स्कूल, इमलीटीकरा तुमान, पोस्ट ऑफिस तुमान, तहसील करतला, जिला कोरबा (छ.ग.) व 03 (ब) जाफरी बेगम, पति स्व. अब्दुल रउफ सिद्दकी, निवासी ग्राम रामपुर, तहसील-करतला व जिला कोरबा (छ.ग.) की उपस्थिति हेतु नियत है।

अतः समाचार पत्र के माध्यम से आप अफसरी निशा, पति स्व. अब्दुल रउफ सिद्दीकी व जाफरी बेगम, पति स्व. अब्दुल रउफ सिद्दीकी को उक्त प्रकरण के पेशी दिनांक 07-03-2026 को दिन के 11.00 बजे उपस्थित होने की सूचना दी जाती है। निधारित दिनांक को आप न्यायालय में उपस्थिति नहीं होते है तो आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

नोटः- अगर उक्त पेशी दिनांक 07-03-2026 को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 13-02-2026 को न्यायालय के मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**श्रीमती गरिमा शर्मा**
**न्यायालय प्रथम जिला न्यायाधीश कोरबा**
**जिला- कोरबा (छ.ग.)**

## क्रिएटिव कार्नर के आर्टिस्टों को सम्मानित किया महापौर ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम के सिटी ब्यूटीफिकेशन अंतर्गत संचालित क्रिएटिव कार्नर के आर्टिस्टों, कलाकारों को गुरूवार को महापौर के द्वारा सम्मानित किया गया। निगम आयुक्त एवं सभापति ने भी इन कलाकारों को सम्मानित किया। महापौर ने आर्टिस्टों का सम्मान करते हुए सिटी ब्यूटीफिकेशन में उनकी सहभागिता की सराहना की तथा कोरबा को सुंदर बनाने की दिशा में उनके निरंतर सहयोग का आग्रह किया।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में शहर के सौदंर्यीकरण को मूर्तरूप देने की दिशा में निगम व आर्टिस्ट ग्रुप आफ कोरबा की संयुक्त पहल पर दिसम्बर 2025 में क्रिएटिव कार्नर अभियान का शुभारंभ किया गया था, सुभाष चौक से कोसाबाड़ी की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग की दीवाल पर महापौर व आयुक्त ने ब्रश उठाकर पेंटिंग की थी तथा क्रिएटिव कार्नर की शुरूआत हुई थी। निगम के सहयोग से आर्टिस्ट ग्रुप आफ कोरबा के कलाकारों, आर्टिस्टों ने अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए थीम आधारित चित्रकारी व पेंटिंग कर स्थल को सजाया, संवारा था। निगम व आर्टिस्ट गुरप के संयुक्त सहयोग से क्रिएटिव कार्नर अभियान के तहत आगे भी शहर सौदंर्यीकरण पर कार्य करते हुए शहर के मुख्य मार्गो, सपर्क सड़कों, चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थलों एवं उपेक्षित पडे.स्थानों पर थीम आधारित पेंटिंग, चित्रकारी किए जाने का यह अभियान सतत रूप से जारी रहेगा। महापौर ने आर्टिस्टों को संबोधित करते हुए कहा कि निश्चित रूप से आप सब प्रतिभा सम्पन्न आर्टिस्ट हैं, आपको निगम से एक प्लेटफार्म मिला और आपने अपनी कला प्रतिभा के दम पर स्थल को सुंदरता प्रदान की।

## कोरबा मार्केट






















# जिन कालेजों के पास नहीं है अपना भवन वहां नहीं बनेंगे परीक्षा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विश्वविद्यालय के द्वारा नई गाइड लाइन जारी की गई है उसके तहत जिन कालेजों के पास अपना स्वयं का भवन नहीं है वहां महाविद्यालयीन परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र नहीं बनाए जाएंगे। इस स्थिति का सामना सरकार के ही 4 कालेजों को करना पड़ेगा। जिनके पास अब तक अपना स्वयं का भवन नहीं बन सका है। इन कालेजों के छात्रों को आसपास के शासकीय कालेजों में परीक्षा केंद्र दिया जाएगा।

अलग खबर

उच्च शिक्षा के विस्तार एवं जनप्रतिनिधियों की मांग के अनुसार जिले में जटगा, रामपुर, उमरेली, बांकीमोंगरा में कालेज का संचालन तो शुरु कर दिया गया और ग्रामीण छात्र यहां प्रवेश भी लेने लगे किंतु जब परीक्षा का समय आया तो परीक्षा केंद्र बनाने के मामले में विश्व विद्यालय की गाइड लाइन आड़े आ गई। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने महाविद्यालयीन परीक्षाओं के लिए केंद्र बनाने हेतु जो मापदण्ड तय किए हैं उसमें पहली प्राथमिकता स्वयं के भवन होने को लेकर बताई गई है। अगर किसी कालेज के पास अपना स्वयं का भवन नहीं है उसे परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा भले ही वहां छात्रों की दर्ज संख्या प्रतिवर्ष बढ़ती जा रही हो। जिले के शहरी व ग्रामीण अंचलों में ऐसे 4 कालेज सामने आए हैं जिनके पास स्वयं के भवन नहीं हैं। ये सभी कालेज हाईस्कूल के भवन में ही संचालित हो रहे हैं। जिनमें करतला विकासखंड के दो महाविद्यालय शामिल हैं। रामपुर कालेज और उमरेली कालेज, इनका सेंटर करतला महाविद्यालय में दिया जाएगा। इसी तरह पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में जटगा में शासकीय कालेज संचालित है जिसे 5 वर्ष हो चुके हैं। जमीन भी आबंटित हो गई है किंतु भवन के लिए कोई पहल नहीं हो सकी। यहां के छात्र कटघोरा कालेज में परीक्षाएं देते हैं।

## 4 कालेजों के पास नहीं है अपना भवन

**खास बातें**

- विश्वविद्यालय ने भवन को किया है परीक्षा केंद्र के लिए अनिवार्य
- जटगा कॉलेज को पांच साल बाद भी नहीं मिला भवन



### जमीन के लिए भेजे गए हैं प्रस्ताव

शासकीय कालेजों के भवन निर्माण को लेकर उच्च शिक्षा विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है। इनमें रामपुर, उमरेली और बांकीमोंगरा कालेज के भवन निर्माण हेतु जमीन आबंटन की भी बात लिखी गई है। 4 कालेजों में केवल जटगा शासकीय कालेज के लिए ही 5 एकड़ जमीन का आबंटन हुआ है। शेष कालेजों को भी भवन निर्माण हेतु इतनी ही जमीन की आवश्यकता होगी।

## खबर संक्षेप




### चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जी राम जी योजना के बारे में दी जानकारी

**हरदीबाजार।** अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू एवं भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी के आह्वान पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ विजय राठौर के नेतृत्व में हरदीबाजार मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल के सहयोग से कार्यकर्ताओं ने कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेंकी पहुंचकर ग्रामीणों को भारत-जी राम जी योजना की जानकारी दी गई। इस दौरान श्री राठौर ने कहा कि यह मनरेगा का उन्नत रूप है, ग्रामीण परिवारों को वर्ष में 125 दिनों के गारंटीकृत रोजगार की सुविधा देती है। दिसंबर 2025 में घोषित इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आय में वृद्धि करना, विकास कार्यों (जल संरक्षण, बुनियादी ढांचे) को प्राथमिकता देना और एक सप्ताह के भीतर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करना है। योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को आत्मनिर्भर बनाना, गरीबी दूर करना और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना। मनरेगा के 100 दिनों के बजाय अब 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी। काम के बाद 15 दिनों के भीतर मजदूरी न मिलने पर ब्याज सहित भुगतान का प्रावधान। गांव के विकास के काम ग्राम पंचायत और ग्राम सभा द्वारा तय किए जाएंगे।

### दर्री पुलिस ने डीजे संचालकों की ली बैठक, शांति सुरक्षा पर दिया जोर

**कोरबा।** होली पर्व पर किसी तरह की मारपीट व शोर शराबा न हो इसके लिए दर्री पुलिस ने डीजे संचालकों की बैठक ली गई। दर्री टीआई आशीष सिंह ने बताया कि होली पर विभिन्न स्थानों में होने वाले कार्यक्रम में आप अपना व्यवसाय जरूर करें लेकिन इस दौरान नियम पालन का ध्यान रखा जाए। कहीं भी डीजे के शोर-गुल से आम लोगों को बाधा उत्पन्न न हो। परीक्षा के दौर में यह त्योहार आयोजित होना है इसलिए प्रशासन की ओर से जारी किए गए दिशा निर्देश का ख्याल रखा जाए। जिस अवधि के लिए आपको परमिशन मिली हुई है उसके बाद कहीं भी शोर-शराबा जैसी स्थिति न रहे। पूरे काम को सुरक्षा के साए में किया जाए यह प्राथमिकता होनी चाहिए। डीजे पर होली से संबंधित गानों को बजाएं जरूर पर अश्लीलता और फूहड़ता वाली स्थिति से दूर रहें। ऐसे किसी भी मामले में कहीं से भी शिकायत प्राप्त होती है तो पुलिस निश्चित रूप से हस्तक्षेप के साथ कार्यवाही करेगी। इसमें पेनाल्टी से लेकर जब्ती भी होगी। टीआई आशीष सिंह ने कहा कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत कहीं भी होली के नाम पर लोगों से जबरिया उगाही करने और उनका रास्ता रोकने के प्रकरणों में भी नजर रखी जा रही है। इस तरह की हरकतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे काम में संलिप्त तत्वों पर एक्शन होगा, चाहे वे किसी भी विचारधारा के समर्थक क्यों न हो।

### नगर पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री से की मुलाकात



**कोरबा।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण पीएचसी नगरी निकाय मंत्री अरुण साव से नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत, पार्षद पीआईसी मेंबर अरुणीश तिवारी सौजन्य भेंट कर विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी दिया। इस अवसर पर पार्षद हिमांशु देवांगन, अविनाश सिंह, रोहित जायसवाल, सुखसागर साहू उपस्थित रहे।

### तीन आंगनबाड़ी भवनों का विधायक ने किया भूमिपूजन



**हरदीबाजार।** विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत बोईदा में तीन नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। आंगनबाड़ी भाटपारा, आवासपारा एवं सराईपाली में प्रत्येक भवन के लिए 11 लाख 69 हजार रुपये की लागत से निर्माण किया जाएगा। इन भवनों का विधिवत भूमिपूजन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण से बच्चों को बेहतर सुविधा, पोषण एवं प्रारंभिक शिक्षा का वातावरण मिलेगा। उन्होंने ग्राम पंचायत के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के विकास कार्यों से क्षेत्र निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम को दुष्यंत शर्मा ने भी संबोधित किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में जनपद सदस्य प्रतिनिधि कौशल श्रीवास, पंच लंबोदर कंवर, उमेद सिंह, माखन पटेल, माधूरी पटेल, शांति लाल पटेल, कलेश पटेल, अंजली पटेल, चम्पा बाई पटेल, गौरी बाई, श्रवण पटेल, नंदलाल पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## 15 फरवरी से जंगल में शुरु हो जाता है अग्नि सीजन, ग्रामीणों को जोड़ने का हो रहा सीधा प्रयास

# जंगल को आग से बचाने वन विभाग गांव गांव में करा रहा है वॉल पेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कोरबा व कटघोरा वन मंडल घने वनों से अच्छादित है। दोनों ही वन मंडल में बड़े पैमाने पर वन औषधीय के साथ-साथ वन्य जीव की भरमार है। जिसकी वजह से कोरबा का जंगल प्रदेश में एक अलग पहचान रखता है लेकिन हर साल गर्मी का सीजन आते ही जंगल धूंधू कर जलने लगता है जिससे वन्य प्राणियों के साथ-साथ वन औषधि भी नष्ट होते हैं। जंगल को बचाने के लिए इस बार वन विभाग की टीम ने गांव गांव में पहुंचकर वॉल पेंट का सहारा लिया है। ग्रामीणों को वॉल पेंट के माध्यम से जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि ग्रामीणों के माध्यम से वन विभाग को जोड़कर जंगल को बचाने का बीड़ा उठाया जा सके।

उल्लेखनीय है कि कोरबा और कटघोरा वन मंडल चारों तरफ साल सागौन के पेड़ से लगे हुए हैं। जिसकी वजह से दोनों ही जंगल में बड़े पैमाने पर दुर्लभ प्रजाति के औषधीय की भरमार है और इन्हीं वन औषधीय की बदौलत स्थानिक ग्रामीण बड़े पैमाने पर वन औषधि जंगल से तैयार करते हैं। खासतौर पर कटघोरा वन मंडल के पाली वन परिक्षेत्र के डोंगानाला में बड़े पैमाने पर वन औषधि तैयार कर बाजार में बेचा भी जाता है। साथ ही जंगल में विलुप्त प्रजाति के वन्य प्राणी भी पाए जाते हैं। कोरबा वन मंडल में किंग कोबरा सहित कई ऐसे बने वन्य प्राणी है जो विलुप्त प्रजाति के हैं। इन वन्य प्राणियों को बचाने के लिए वन विभाग हर तरह के संभव प्रयास भी कर रहा है लेकिन जैसे-जैसे गर्मी आना शुरू होता है वैसे-वैसे वन विभाग के अधिकारियों का टेंशन बढ़ता चला जाता है। जंगल में आग लगने की वजह से वन्य प्राणियों को जहां भारी नुकसान होता है वहीं दूसरी ओर वन औषधि भी जलकर पूरी तरह से खाक हो जाते हैं। इन्हें बचाना वन विभाग सहित ग्रामीणों की महत्ती जिम्मेदारी है।

लगातार जंगल को बचाने के लिए कोरबा वन मंडल अधिकारी प्रेमलता यादव और कटघोरा वन मंडल अधिकारी कुमार निशांत द्वारा तरह-तरह के उपाय किए जा रहे हैं। इस बार बताया जाता है कि दोनों ही वन मंडल में ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को वन विभाग से जोड़ने और जंगल को आग से बचने के लिए गांव में वॉल पेंट का सहारा लिया जा रहा है। वॉल पॉइंट के माध्यम से लोगों को समझाया जा रहा है कि जंगल से ग्रामीणों को क्या-क्या लाभ मिलता है और जंगल में आग लग जाने से क्या-क्या नुकसान होता है। ऐसे ही स्लोगन के माध्यम से लोगों को जोड़कर जंगल को आग से बचने का प्रयास किया जा रहा है। निश्चित तौर पर वन विभाग द्वारा किए जा रहे हैं वॉल पेंट से आगजनी की घटना में कमी आएगी।




गांव की दीवालों में की गई वाल पेटिंग।

### पिछले दो वर्षों में 40 फीसदी कम हुई आगजनी की घटना

कटघोरा वन मंडल अधिकारी कुमार निशांत ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दो वर्षों में कटघोरा वन मंडल में आगजनी के घटना में लगभग 40 फीसदी गिरावट दर्ज की गई है। इस साल वन विभाग का प्रयास है कि पिछले दो वर्षों की अपेक्षा इस साल और भी आगजनी की घटना कम से कम हो सके इस दिशा पर वन विभाग की टीम काम कर रही है। वन विभाग की टीम गांव गांव में बसने वाले ग्रामीणों को जोड़ने का प्रयास कर रही है और उन ग्रामीणों के माध्यम से ही जंगल में होने वाले आधुनिक को रोकने के लिए काम कर रही है।

### जंगल में आगजनी के नुकसान

जंगल में आग लगने से बड़े पैमाने पर पेड़-पौधे जलकर खाक हो जाते हैं, जिससे वनस्पति और जैव विविधता की हानि होती है। जंगली जानवरों की मौत हो जाती है, और उनके आवास नष्ट हो जाते हैं। आग से निकलने वाले धुएं से वायुमंडलीय प्रदूषण बढ़ता है। मिट्टी की उर्वरता कम हो जाती है, और मिट्टी का क्षरण बढ़ता है। आग से कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन होता है। वन उत्पादों की हानि होती है, जिससे आर्थिक नुकसान होता है। आसपास के गांवों के लोगों को भी नुकसान पहुंचता है, और उनकी आजीविका प्रभावित होती है।

# अवैध रेत उत्खनन पर कड़ी कार्रवाई, तीन ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

एसडीएम तन्मय खन्ना के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने अवैध रेत उत्खनन के विरुद्ध सख्त अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। प्रशासनिक टीम ने मौके पर अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे तीन ट्रैक्टरों को पकड़कर जप्त किया तथा उन्हें थाना कटघोरा में सुपुर्द किया है। प्रशासन की यह कार्रवाई कटघोरा तहसील क्षेत्र में लगातार बढ़ते अवैध उत्खनन पर नियंत्रण लगाने के उद्देश्य से की गई है।

एसडीएम के निर्देशन में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कर अवैध रेत खनन एवं परिवहन में संलग्न वाहनों पर त्वरित कार्रवाई की। एसडीएम ने स्पष्ट किया है कि अवैध रेत उत्खनन से न केवल राजस्व की हानि होती है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। इसी कारण जिले में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में अवैध खनन में लिप्त पाए जाने पर और भी कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि अवैध उत्खनन संबंधी कोई भी सूचना मिलने पर तत्काल प्रशासन को अवगत कराएं, ताकि ऐसे कृत्यों पर प्रभावी रूप से रोक लगाई जा सके।



जब्त ट्रैक्टर।

# रानी रोड से सर्वमंगला मंदिर के बीच हसदेव नदी पर बनेगा रपटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के सशक्त प्रयासों से शहर के विकास को नई दिशा मिल रही है। इसी कड़ी में रानी रोड से सर्वमंगला मंदिर के बीच हसदेव नदी पर रपटा निर्माण हेतु 13 करोड़ 44 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति शासन से मिली है।

उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने बताया कि पुरानी कोरबा शहर की वर्षों पुरानी मांग थी कि रानी रोड से सर्वमंगला मंदिर के बीच एक रपटा का निर्माण हो जाए, ताकि सर्वमंगला मंदिर एवं कुसमुंडा या फिर कनकी बिलासपुर की ओर जाने के लिए उषा कॉम्प्लेक्स रेलवे क्रॉसिंग से सर्वमंगला पुल से घूम कर जाना ना पड़े। पुराने शहर के वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवकों एवं जनों द्वारा इसके लिए लंबे अरसे से मांग की जा रही थी। इस जन आकांक्षाओं को प्राथमिकता से लेते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कोरबा आगमन पर उनसे विशेष आग्रह किया गया था, मुख्यमंत्री ने इसकी स्वीकृति प्रदान की थी। तत्पश्चात सेतु निगम के माध्यम से रपटा निर्माण हेतु ड्राइंग डिजाइन एवं प्राक्कलन तैयार किया गया। इस महत्वपूर्ण निर्माण हेतु राज्य शासन द्वारा 13.44 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। जल्दी टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात निर्माण कार्य आरंभ हो जाएगा। इसके पूर्ण होने से सर्वमंगला पुल पर एक तरफ जहां यातायात दबाव कम होगा, वहीं क्षेत्र को विकास और समृद्धि की नई राह मिलेगी।

# सीईओ ने गुणवत्ताहीन कार्य एवं धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग ने जनपद पंचायत कोरबा एवं करतला अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी भवन निर्माण एवं जल जीवन मिशन के कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया तथा गुणवत्ताहीन एवं धीमी प्रगति वाले कार्यों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की।

निरीक्षण के दौरान ग्राम सरगबुंदिया, सालिहाभांठा एवं तुमान में आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों का अवलोकन किया गया। ग्राम सरगबुंदिया के आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य में लापरवाही एवं कार्य में ध्यान न दिए जाने पर सीईओ श्री नाग ने सरपंच, सचिव एवं सब इंजीनियर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पूर्व में स्वीकृत आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाने के कारण सरगबुंदिया बस्ती में प्रस्तावित आंगनबाड़ी को निरस्त करने के आदेश भी दिए। ग्राम सालिहाभांठा में आंगनबाड़ी निर्माण कार्य संतोषजनक पाया गया, जिसे सीईओ ने शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम तुमान के भांठापारा स्थित आंगनबाड़ी भवन में गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कार्य नहीं पाए जाने पर सचिव एवं सब इंजीनियर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। वहीं तुमान के सड़कपारा में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। तुमान के इमली टिकरा में भूमि विवाद के कारण कार्य प्रारंभ नहीं होने पर सीईओ ने सरपंच एवं सचिव को 15 दिवस के भीतर विवाद का निराकरण कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। अन्यथा आंगनबाड़ी भवन निरस्त करने की बात कही । ग्राम पंचायत धोराभाटा में आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन पाए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए सरपंच, सचिव एवं तकनीकी सहायक के विरुद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात सीईओ श्री नाग ने जनपद पंचायत करतला अंतर्गत ग्राम पंचायत गाढ़ापाली एवं सालिहाभाटा में नल-जल योजना के तहत पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों से घर-घर संपर्क कर पेयजल आपूर्ति की स्थिति के संबंध में चर्चा की तथा योजनाओं के सुचारू संचालन के लिए सामुदायिक सहभागिता पर जोर दिया।

ग्राम सालिहाभाटा में सीईओ ने ग्रामीणों को पेयजल व्यवस्था के सतत संचालन हेतु विद्युत बिल भुगतान के लिए ग्राम पंचायत द्वारा उचित कर निर्धारण करने की बात कही, ताकि योजना दीर्घकाल तक प्रभावी रूप से संचालित होती रहे। सीईओ श्री नाग ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन की योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



अधिकारियों को निर्देश देते सीईओ।

### शराब दुकान को अन्यंत्र शिफ्ट कराने संगठनों की मांग

**कोरबा।** शहर के पुराना बस स्टैण्ड क्षेत्र में स्थित विदेशी मदिरा दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने की मांग लगातार जारी है। जनभावनाओं एवं सामाजिक शांति-व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए उक्त विदेशी मदिरा दुकान को वर्तमान स्थल से हटाकर किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित कराने की मांग विभिन्न सामाजिक,धार्मिक और व्यापारिक संगठनों ने की है। इस संबंध में वार्ड पार्षद श्रीमती सुलोचना यादव ने पत्र लिखा है। इनके अलावा जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, रोटरी क्लब, मध्य नगरीय व्यापारी संघ, सरस्वती शिशु मंदिर पुराना बस स्टैंड, गुरु सिंह सभा इतवारी बाजार, श्री श्याम मित्र मंडल, श्री पंचदेव मंदिर सेवा समिति, श्री श्वेतांबर जैन समिति, श्री राम जानकी मंदिर पुराना बस स्टैंड की तरफ से भी पत्राचार कर शराब दुकान कहीं और शिफ्ट करने की मांग की गई है। सभी संगठन प्रमुखों ने कहा है कि पुराना बस स्टैण्ड के समीप स्थित विदेशी मदिरा दुकान अत्यंत संवेदनशील एवं घनी आबादी वाले क्षेत्र में संचालित की जा रही है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# निगम के अमले ने किया बकायादार की प्रॉपटी को सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम को देय सम्पत्तिकर संबंधित करदाता द्वारा न पटाये जाने पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर बकायादार की सम्पत्ति को सीलबंद की कार्यवाही की गई है। वार्ड क्र. 15 में निगम के बडे.बकायादार विहार ट्रांसपार्ट कंपनी पर की गई है। बकायादारों द्वारा यदि शीघ्र बकाया करों की राशि जमा नहीं कराई जाती है तो सम्पत्तियों की सीलबंदी व उन्हें कुर्क करने की कार्यवाही की जाएगी।

नगर निगम द्वारा सम्पत्तिकर, समेकित कर, जलकर आदि सहित विभिन्न करों की एक बड़ी बकाया राशि बकायादारों से प्राप्त की जानी है, इस हेतु निगम द्वारा बकायादारों को बार-बार नोटिस व वारंट आदि जारी कर बकाया राशि का भुगतान निगम कोष में किए जाने हेतु कहा जा रहा है, किन्तु बकायादारों द्वारा राशि जमा करने में रूचि नहीं दिखाई जा रही है, जिसके कारण एक ओर जहाँ निगम को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। राजस्व अमले द्वारा अब इन बकायादारों के विरूद्ध कार्यवाही शुरु कर दी गई है। इसी कड़ी में परिवहन नगर जोन प्लांट नम्बर 14 में बकायादार बिहार ट्रांसपोर्ट कम्पनी द्वारा सम्पत्तिकर की बकाया राशि 8 लाख 68 हजार 70 रूपये निगम कोष में जमा नहीं कराई जा रही, जिन पर कार्यवाही करते हुए निगम के राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध प्रताप सिंह की अगुवाई में निगम की टीम ने उनकी सम्पत्ति को सील कर दिया है तथा उन्हें तत्काल बकाया कर राशि निगम कोष में जमा करने के निर्देश दिए हैं।



कार्यवाही करती निगम की टीम।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी
93406-38884
केदारनाथ में घोड़े खच्चर, पालकी व हेलीकॉप्टर की सुविधा दिलवाने में मदद करदेंगे।
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री
यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ
यात्रा दिनांक
18 अप्रैल 2026
02 मई 2026
18 मई 2026
02 जून 2026
14 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ₹24,500/- ऑफर ₹22,500/-3AC ₹32,500/- ऑफर ₹29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866, 8275757579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)